This question paper contains 8+4 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**5845**

**LL.B./II Term** C

Paper—LB—201 : LAW OF EVIDENCE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**सभी प्रश्नों** के अंक समान हैं।

1. Attempt briefly any *four* of the following : 20

(*a*) What is the difference between 'factum probandum' and 'factum probans' ? Give *two* illustrations each.

P.T.O.

(*b*) 'All persons shall be competent to testify'. Comment. Is lunatic incompetent to testify ?

(*c*) Why rules of evidence have different significance under the Adversarial System and Inquisitorial System of Justice ?

(*d*) Write precautions which must be taken for tape-recorded conversation before admitting it in evidence.

(*e*) Distinguish between oral evidence and documentary evidence.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के संक्षेप में उत्तर दीजिये :

(*a*) फैक्टम प्रोबेन्डम (factum probandum) एवं फैक्टम प्रोबान्स (factum probans) में क्या अन्तर है ? दोनों के **दो** उदाहरण दीजिये।

(*b*) "हर व्यक्ति साक्ष्य देने के लिये सक्षम होगा" टिप्पणी कीजिये। क्या उन्मादी साक्ष्य देने के लिये असक्षम है ?

(*c*) साक्ष्य के नियमों की न्याय की प्रतिकूलात्मक एवं अनुयोजकीय पद्धति में भिन्न महत्व क्यों है ?

(*d*) टेप रिकॉर्डेड वार्तालाप को साक्ष्य में स्वीकार करने के पूर्व क्या मुख्य सावधानियाँ लेनी चाहिये, लिखिये।

(*e*) मौखिक व लिखित साक्ष्य के मध्य विभेद कीजिये।

2. State the provisions of law and give reasons as to the relevancy of the following facts : 20

(*i*) A, accused of theft, is seen to give the stolen property to B, who is seen to give it to A's wife. B says, as he delivers it—"A says you are to hide this".

(*ii*) The question is, whether a horse sold by A to B is sound. A says to B—"Go and ask C. C knows all about it".

(*iii*) The question is, whether certain goods ordered from B were delivered to A. The goods were delivered to several intermediate persons successively.

(*iv*) The question is, whether A owes B rupees 10,000. The facts that A asked C to lend him money, and that D said to C in A's presence and hearing—"I advise you not to trust A, for he owes B 10,000 Rupees", and that A went away without making any answer.

विधि के प्रावधानों एवं निम्नलिखित तथ्यों की सुसंगति सम्बन्धी कारणों का उल्लेख कीजिये :

(*i*) A, जो कि चोरी का अभियुक्त है, चोरी की गई सम्पत्ति को B को देते हुये देखा गया, जो कि उक्त सम्पत्ति को A की पत्नी को देते हुये देखा गया। B उक्त सम्पत्ति को यह कहते हुये देता है कि ''A ने कहा है कि तुम्हें इसको छिपाना है''।

(*ii*) प्रश्न यह है कि क्या A द्वारा B को बेचा गया घोड़ा स्वस्थचित्त है ? A, B से कहता है ''जाओ और C से पूछो। C इस बारे में सब जानता है।''

(*iii*) प्रश्न यह है कि क्या B द्वारा आदेशित माल का परिधान A को कर दिया गया। माल का परिधान कई मध्यवर्ती व्यक्तियों के द्वारा एक के बाद एक को किया गया।

(*iv*) प्रश्न यह है कि, क्या A के पास B के 10,000 रुपये हैं ? यह तथ्य कि A ने C से धन उधार माँगा एवं D ने जब A उपस्थित था एवं सुन सकता था, C से कहा कि, ''मैं तुम्हें सलाह देता हूँ कि A पर विश्वास मत करो क्योंकि उसके पास B के 10,000 रुपये हैं,'' एवं A बिना कुछ जवाब दिये चला जाता है।

3\. (*a*) Conspiracy is based on the principle of "Agency". Comment. 20

(*b*) A police-officer and his wife were wounded by revolver shots near the police station. These shots were fired by some persons who were in a motor car which was standing on the opposite side of the road. Several persons were arrested. Evidence was sought to be given of a statement of an absconding accused to the approver, that the conspirators had shot a police officer, that a

pamphlet should be written and distributed to start a propaganda. Discuss the relevancy of this statement under Section 10 of Indian Evidence Ad.

(*a*) षडयन्त्र "अभिकरण" (एजेन्सी) के सिद्धान्त पर आधारित है। टिप्पणी कीजिये।

(*b*) एक पुलिस अधिकारी एवं उसकी पत्नी पुलिस स्टेशन के पास बन्दूक के छर्रे से जख्मी हो गये। ये छर्रे सड़क की दूसरी तरफ खड़ी कार में से कुछ लोगों ने चलाये थे। बहुत से लोगों को गिरफ्तार किया गया। भगोड़े अभियुक्त द्वारा मुखबिर को दिये गये वक्तत्य को, कि षडयंत्रकारियों ने एक पुलिस अधिकारी को छर्रा मारा इसका प्रचार शुरू करने हेतु एक पर्चा लिखा व बाँटा जाना चाहिये, साक्ष्य में देने के लिये कहा गया। उक्त वक्तव्य की भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत सुसंगति की विवेचना कीजिये।

4. (*a*) What are admissions ? When can admissions be proved against and in favour of persons making them ?

(*b*) The accused was charged with murder. Two of the items of evidence against him consisted of :

(*i*) a statement leading to the recovery of a blood stained axe, shirt and dhoti, and

(*ii*) his statement to the police that the blood-stained clothes belonged to him and that the axe was used in the commission of murder.

Discuss the admissibility of these statements keeping in mind the relevant provisions. 20

(*a*) स्वीकृति क्या है ? स्वीकृति करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एवं उसके फायदे में स्वीकृति को कब प्रमाणित किया जा सकता है ?

(*b*) अभियुक्त पर हत्या का आरोप लगाया गया। उसके खिलाफ साक्ष्य में दो मद सम्मिलित थे :

(*i*) एक कथन जिसके सन्दर्भ में एक खून से सनी कुल्हाड़ी, शर्ट एवं धोती बरामद की गई।

(*ii*) उसका पुलिस को दिया यह वक्तव्य कि खून से सने कपड़े उसके हैं एवं कुल्हाड़ी हत्या करने में इस्तेमाल की गई है।

सुसंगत प्रावधानों को ध्यान में रखते हुये उक्त वक्तव्यों की विवेचना कीजिये।

5. Can dying declaration be made sole basis of conviction ? The accused was charged with the offence of murder. The body of the deceased which was cut was recovered from a trunk in a railway compartment on 20th March, 2000. One of the items of evidence against accused was a statement by the deceased to his wife on 16th March, 2000, that he received a letter asking him to go to the house of the accused for receiving money due to him and that he was so going. Discuss the admissibility of this statement in evidence. 20

क्या मृत्युकालिक कथन के एकमात्र साक्ष्य को दोषसिद्धि का आधार बनाया जा सकता है ? अभियुक्त पर हत्या का आरोप लगाया गया। दिवंगत का कटा हुआ शरीर रेलवे कम्पार्टमेन्ट में एक संदूक से 20 मार्च, 2000 को बरामद हुआ। अभियुक्त के खिलाफ साक्ष्य में दिवंगत का अपनी पत्नी को, 16 मार्च, 2000, को दिया हुआ वक्तत्य है, कि उसे एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उसको अभियुक्त के घर जाकर उससे अपनी राशि प्राप्त करने के लिये कहा गया है और इसीलिये वह जा रहा है। उक्त वक्तव्य की स्वीकार्यता की विवेचना कीजिये।

6. "An accomplice is unworthy of credit, unless he is corroborated in material particulars." Critically examine the statement with the help of decided cases. 20

"सहअपराधी विश्वास के अयोग्य है, जब तक कि उसकी विषय विशेष में परिपुष्टि न की जाये।" निर्णीत वादों के आधार पर उक्त वक्तत्य की आलोचनात्मक विवेचना कीजिये।

7. (*a*) The presumption of legitimacy under Indian Evidence Act can be displaced by a strong preponderance of evidence and not by mere balance of probabilities'. Discuss.

(*b*) A intentionally and falsely leads B to believe that certain lands belong to A, and thereby induces B to buy and pay for it. The land afterwards become the property of A and A seeks to set aside the sale on the ground that, at the time of the sale, he had no title. Can A succeed ? Decide in the backdrop of relevant law. 20

(*a*) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अन्तर्गत वैधता की परिकल्पना को प्रबल सक्षम साक्ष्य से विस्थापित किया जा सकता है एवं न कि केवल परिसंभावना के संतुलन के द्वारा। विवेचना कीजिये।

(*b*) A जानबूझकर मिथ्यारूप से B को विश्वास दिलाता है कि कोई निश्चित जमीन A की है, एवं उसके द्वारा B को उसे खरीदने व भुगतान करने के लिये फुसलाता है। तत्पश्चात् वह जमीन A की सम्पत्ति बन जाती है और A चाहता है कि वह इस विक्रय को इस आधार पर रद्द कर दे कि विक्रय के समय उसका इस भूमि पर कोई अधिकार नहीं था। क्या A सफल हो सकता है ? सुसंगत वाद विधि के आलोक में निर्णय लीजिये।

8. Write short notes on any *four* of the following : 20

(*a*) Hostile witness

(*b*) Privileged communications

(*c*) Distinguish between "Proved", "Disproved", "Not Proved"

(*d*) Presumptions

(*e*) Expert witness.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिये :

(*a*) पक्षद्रोही साक्षी

(*b*) सविशेषाधिकार संसूचना

(*c*) 'साबित', 'नासाबित' एवं 'साबित नहीं हुआ' में अन्तर

(*d*) परिकल्पनाएँ

(*e*) विशेषज्ञ साक्षी।